काजरी कृषि विज्ञान केन्द्र, जोधपुर द्वारा ग्रामीण महिलाओं हेतु “बाजरा प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन” विषय पर कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

अन्तर्राष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष-2023 के अंतर्गत काजरी के कृषि विज्ञान केन्द्र, जोधपुर द्वारा ग्रामीण महिलाओं हेतु दिनांक 24-25 जनवरी के दौरान **“बाजरा प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन”** विषय पर दो दिवसीय कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में काजरी निदेशक, डॉ. ओ.पी यादव ने अपने सम्बोधन में ग्रामीण महिलाओं को अपने दैनिक आहार में कम से कम एक बार मोटे अनाज से बने भोजन को अवश्य रूप से सम्मिलित करने की सलाह दी ताकि पूरे परिवार के पोषण स्तर में सुधार हो सके । डॉ. यादव ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान आयोजित बाजरा व्यंजन प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया एवं महिलाओं की सक्रीय भागीदारी की सराहना की।

प्रदर्शनी में प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान सिखाए गए लगभग 14 प्रकार के विभिन्न बाजरा व्यंजनों को प्रदर्शित किया गया । निदेशक महोदय ने बाजरा एवं अन्य मोटे अनाज के ज्यादा से ज्यादा प्रचलन एवं उपभोग में महिलाओं की अहम भूमिका पर बल दिया जिससे बाजरा उत्पादक किसानों को भी प्रोत्साहन मिल सके और साथ ही स्वयं सहायता समूह एवं किसान उत्पादक समूह (FPO) की महिलाएँ नवीनतम बाजरा उत्पादों के साथ स्वरोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़कर अपने परिवार के पोषण एवं आर्थिक स्तर में सुधार कर सके । प्रशिक्षण कार्यक्रम में जोधपुर के लवारी, धुन्धाडा, आगोलाई, सालावास, बोरानाडा, गगाड़ी, झालामण्ड, बनाड़ आदि विभिन्न गांवों की 40 महिलाओं सहित जोधपुर के मौलाना आजाद विश्वविद्यालय जोधपुर के गृह विज्ञान संकाय की प्रथम वर्ष की छात्राओं ने भी अपनी सक्रीय भूमिका निभाई।